गुजरात में महिलाओं के लिये औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान

786. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन:** क्या **श्रम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विश्व बैंक गुजरात में महिलाओं के लिये औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने हेतु सहायता उपलब्ध कराने के लिये सहमत हो गया है ;

(ख) यदि हां, तो विश्व बैंक द्वारा 1993–94 और 1994–95 के दौरान प्रस्तावित योजना के लिये जिले-वार कितनी-कितनी धनराशि दिए जाने का प्रस्ताव है ; और

(ग) किन-किन स्थानों पर इन संस्थानों की स्थापना किये जाने का प्रस्ताव है ?

श्रम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पी. ए. संगमा): (क) से (ग) श्रम मंत्रालय द्वारा विश्व बैंक सहायियत व्यावसायिक प्रशिक्षण परियोजना कार्यान्वित की जा रही है जिसमें केन्द्र सरकार तथा गुजरात सहित 28 राज्य सरकारें/संघ शासित प्रशासन भाग ले रहे हैं । राज्यों/संघ शासित प्रदेशों में परियोजना स्कीमें केन्द्र प्रवर्तित स्कीमों के पैटर्न पर ही कार्यान्वित की जा रही हैं । राज्य/संघ शासित प्रदेश विश्व बैंक सहायियत नहीं हैं । केन्द्र सरकार ही विश्व बैंक से ऋण की राशि प्राप्त करती है । स्कीमों को कार्यान्वयन हेतु बजट राज्य/संघ शासित सरकारों द्वारा उपलब्ध कराया जाता है । व्यय का 50% केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जाता है ।

परियोजना के अंतर्गत भावनगर, विसनगर, उत्तर संधा तथा बिल्लिमोरा स्थित चार नये महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शामिल हैं । गुजरात राज्य द्वारा वर्ष 1993–94 के दौरान 36.62 लाख रुपये तथा वर्ष 1994–95 के दौरान 37.97 लाख रुपये का बजट उपलब्ध कराया गया है ।

गुजरात में बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या

787. **श्रीमती आनन्दीबेन जेठाभाई पटेल :** क्या **श्रम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात राज्य के विभिन्न रोजगार कार्यालयों में पिछले 2 वर्षों के दौरान और चालू वर्ष में अब तक क्रमश: कितने व्यक्तियों के नाम दर्ज किए गये हैं ;

(ख) उक्त अवधि के दौरान राज्य के विभिन्न रोजगार कार्यालयों के माध्यम से प्रति वर्ष कितने व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया और इनमें से पुरुषों और महिलाओं की अलग-अलग संख्या कितनी-कितनी है ; और

(ग) सरकार द्वारा देश में बेरोजगारी समाप्त करने के लिये क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इस दिशा में अब तक क्या प्रगति हुई है ?

श्रम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पी. ए. संगमा) : (क) गुजरात के विभिन्न रोजगार कार्यालयों में दिसम्बर, 1992, दिसम्बर, 1993 तथा सितम्बर, 1994 के अंत में पंजीकृत व्यक्तियों की संख्या निम्न प्रकार थी :—

वर्ष	पंजीकृत व्यक्तियों की संख्या
1992 . .	10,30,239
1993 . .	9,72,832
1994 (सितम्बर) .	9,17,270

(ख) वर्ष 1992, 1993 तथा 1994 (सितम्बर, 1994 तक) के दौरान गुजरात में विभिन्न रोजगार कार्यालयों के माध्यम से जितने व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया